

# घर-घर विराजंगे बप्पा, अगवानी में सजे मंदिर-पंडाल

## बाजार के कारोबार का भी होगा श्रीगणेश



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26अगस्त।** प्रथम पूज्य श्री गणेश जी का जन्मोत्सव 27 अगस्त को शहर सहित जिले भर में मनाया जाएगा, इसके साथ ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू हो जाएगा। इसके लिए शिवनगरी श्योपुर में भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं गणेश चतुर्थी के साथ ही बाजार के कारोबार के एक नए सीजन का भी श्रीगणेश हो जाएगा। क्योंकि गणेश चतुर्थी के शुभ मुहूर्त के साथ ही त्योहारी सीजन की खरीदारी शुरू हो जाएगी, वहीं दीपावली बाद देवउठनी ग्यारस से सहालगी सीजन शुरू होगा। ऐसे में गणेश चतुर्थी से शुरू होने वाले बाजार के नए सीजन से शहर के कारोबार में बूम आने की उम्मीद है।

जिले में गणपति बप्पा के आगमन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। बुधवार को भगवान गणेश घर-घर विराजेंगे। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से शुरू होने वाले इस त्योहार की शहर में कई दिनों से तैयारियां की जा रही है। हिंदू धर्म में गणेश चतुर्थी का विशेष महत्व है। सभी देवों में प्रथम आराध्य देव श्री गणेश की पूजा करने पर उन्हें प्रसन्न करने का त्योहार है। यही वजह है कि गणेश चतुर्थी और गणेशोत्सव के मद्देनजर शहर के बाजारों में गणेश प्रतिमाओं की दुकानें भी सजी हुई हैं। जहां गुरुवार को श्रद्धालुओं ने गणेश स्थापना के लिए प्रतिमाएं भी खरीदी। शहर के मुख्य बाजार सहित अन्य बाजारों में ठेले और दुकानों पर 20 रुपए से 500 रुपए तक की प्रतिमाएं मिल रही हैं।

### दो दर्जन स्थानों पर सजेंगे बप्पा के दरबार

गणपति बप्पा की अगवानी के लिए शहर में सजावट की जा रही है, वहीं विभिन्न गणेश मंदिरों और पांडाल स्थलों पर भी तैयारियां जारी है। शहर में इस बार दो दर्जन स्थानों पर गणपति बप्पा के दरबार सजाए जाएंगे। शहर के साथ ही बड़ौदा, कराहल, विजयपुर, ढोढर, मानपुर, वीरपुर, रघुनाथपुर, ओछापुरा, इकलौद आदि गांवों और कस्बों में भी भक्तों ने गणेश जन्मोत्सव के लिए तैयारी की है।

### ऐसे करें गणेश चतुर्थी पर पूजा

गणेश चतुर्थी के दिन प्रात:काल स्नान करके गणपति के व्रत का संकल्प लें, इसके बाद मूर्ति को लाल कपड़े के ऊपर रखें फिर गंगा जल छिडकने के बाद भगवान गणेश का आह्वान करें। भगवान गणेश को पुष्प, सिंदूर, जनेऊ और धुर्वा चढ़ाएं। उसके बाद गणपति को मोदक लड्डू का भोग लगाएं मंत्रोचार से उनका पूजन करें और अंत में आरती करें। लोगों में अपार उत्साह- शहर में गणेश महोत्सव को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। गणेश मंडलों ने अपने-अपने हिसाब से मूर्तियां बुक करवा रखी है। शुभ मुहर्त में भक्त भगवान गणेश की मूर्तियां लाकर अपने गणेश मंडलों में स्थापित करेंगे।

# सड़क हादसे में दो बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत

## नहर रोड पर हुई दुर्घटना, दो घायल; एक को किया कोटा रेफर



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26अगस्त।** श्योपुर में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे नहर रोड पर चकबमूल्या गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए। घायलों में एक को गंभीर हालत में कोटा रेफर किया है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव अस्पताल में पीएम के लिए पहुंचाएं और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार खीरनी गांव के 24 वर्षीय अभिषेक मीणा अपने 60 वर्षीय ताऊ घनश्याम मीणा के साथ हीरापुर दवा लेने जा रहा था। चकबमूल्या गांव के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कोटा रेफर किया गया है। दूसरी बाइक पर सवार वनखरा निवासी 30 वर्षीय रामबल की भी मौत हो गई। उनके साथी राधेश्याम मुरारी घायल हैं। उनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### शव को पीएम के लिए भेजा

मौके पर पहुंचे एएसआई ब्रजेश शर्मा ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था जिसका पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों के अनुसार नहर रोड पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। हादसे के बाद दोनों गांवों में शोक का माहौल है। मृतकों के परिवार सदमे में हैं।

## किराना दुकान पर बिक्री के लिए रखी शराब जब्त

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम हनुमानखेड़ा में अवैध रूप से शराब विक्रय की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए किराने की दुकान से विक्रय की जा रही शराब को जब्त किया गया है। अवैध रूप से शराब की विक्रय की शिकायत पर आबकारी विभाग ने गत रात्रि में कार्यवाही करते हुए उक्त दुकान से देशी प्लेन के 9 पाव, देशी मसाला के 7 ओर 6 वियर की बोतल नष्ट की गई, आरोपी हरि बंजारा के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। बरामद की गई शराब की कीमत 2430 रुपए बताई गई है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश तिवारी, आबकारी उप निरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे सहित आबकारी आरक्षक उपस्थित रहे।

# मशावनी के किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



## 600 बीघा खाली सरकारी जमीन पर खेती की अनुमति देने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26अगस्त।** जिले के कराहल तहसील अंतर्गत ग्राम मशावनी के भूमिहीन आदिवासी किसानों ने मंगलवार कों कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक आवेदन दिया है, जिसमे शासन से गुहार लगाई है कि उन्हें गांव में खाली पड़ी शासन की भूमि का पट्टा देकर कृषि कार्य करने का अधिकार दिलाया जाए।

किसानों का कहना है कि करीब 600 बीघा जमीन गांव के समीप प्लांटेशन के पास लंबे समय से खाली पड़ी हुई है, जिस पर पहले वे लोग ही खेती किया करते थे। लेकिन फॉरेस्ट विभाग के हस्तक्षेप के चलते अब उन्हें वहां खेती करने से रोक दिया गया है। प्रार्थीगण में घनश्याम आदिवासी, गप्पू पुत्र विष्या, मुरारी पुत्र विष्या, चिन्टू पुत्र रामहेत, मोहन पुत्र भादया, रणबीर चौकीदार, शंभू पुत्र गोबरधन, लड्डू पुत्र गोबरधन, कैलाश पुत्र चेत्या, जगदीश पुत्र मडडू और भीमा पुत्र गोबरधन सहित कई आदिवासी परिवारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि उक्त जमीन पर पूर्व में वे कृषि कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे, लेकिन अब खेती बंद होने से रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। आदिवासी किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त भूमि में से लगभग 15 बीघा क्षेत्र का पट्टा फॉरेस्ट विभाग ने श्रीलाल आदिवासी को दे दिया है। जब एक व्यक्ति को पट्टा दिया जा सकता है तो अन्य गरीब आदिवासी किसानों को क्यों नहीं? उन्होंने कलेक्टर से जांच कराकर फॉरेस्ट विभाग से भूमि का पट्टा दिलाने की मांग की है, ताकि वे फिर से खेती कर सकें और अपने परिवार को भूखमरी से बचा सकें। आवेदन में किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उन्हें भूमि आवंटन नहीं किया गया तो उनके परिवारों के सामने भूखों मरने की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस संबंध में उन्होंने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। ग्राम मशावनी के इन भूमिहीन किसानों ने जिला प्रशासन से निवेदन किया है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें जल्द से जल्द भूमि आवंटित की जाए, ताकि वे दोबारा कृषि कर अपने जीवनयापन को सुरक्षित कर सकें।

# विजयपुर के छिमछिमा हनुमान मंदिर मेले में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

## 4.50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना, सुरक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के पुख्ता इंतजाम



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,26अगस्त।** विजयपुर क्षेत्र के श्री श्री 1008 छिमछिमा हनुमान मंदिर पर लगने वाले विशाल मेले की सभी तैयारियाँ प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। श्रद्धालुओं का आना शुरू हो चुका है और इस बार करीब 4 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। मेले में 5 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जिनमें से 3 विजयपुर की ओर और 2 गसवानी मार्ग पर तैयार किए गए हैं। वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग के लिए 5, 10 और 20 रुपये की रसीद व्यवस्था रखी गई है। वहीं मेला स्थल पर वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम:** श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने सख्त व्यवस्था की है। 260 जवान तैनात रहेंगे, साथ ही 18 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके अतिरिक्त 2 कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जो सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखेंगे।

**स्वास्थ्य और सुविधा व्यवस्था:** श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मेला परिसर में स्थायी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है, जहाँ डॉक्टर चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा 2 एंबुलेंस भी हमेशा तैयार रहेंगी। श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह भंडारे की व्यवस्था भी की है।

**प्रशासन की अपील:** मंदिर परिसर की पवित्रता बनाए रखने हेतु प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अगरबत्ती न जलाने और नारियल न तोड़ने की अपील की है। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए विजयपुर नगर से लेकर गसवानी मार्ग तक विशेष यातायात प्रबंधन किया गया है। शिवपुरी और ग्वालियर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

गौरतलब है कि यह प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर विजयपुर से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है और यहाँ न केवल मध्यप्रदेश बल्कि राजस्थान, उत्तरप्रदेश और अन्य प्रांतों से भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु दर्शन करने पहुँचते हैं।

इस मेले मैं समुदायों के करीब एक दर्जन से ज्यादा भंण्डारे भी संचालित रहे उक्त भंण्डारौ में मेले में आने वाले लाखौ दर्शनार्थीयो ने भंण्डारौ मैं प्रसाईदी ग्रहण की तथा मेले मैं शीतल पेय जल प्रदाय कराने की भी समुचित व्यवस्था भक्त गणौने की गई है।

**इनका कहना है...**
छिमछिमा हनुमान मंदिर मेला हमारे क्षेत्र की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। इस बार लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। प्रशासन ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा की दृष्टि से हर स्तर पर पूरी तैयारी की है। हम सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में मेला दर्शन के लिए पहुँचें और अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासन का सहयोग करें।
**अभिषेक मिश्रा**
**एसडीएम विजयपुर**

# बालिका के उपचार के लिए आयुष्मान चालू कराया

## संबल योजना में अपील के बाद मिलेगा लाभ जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार तहसीलदार मनीषा मिश्रा की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।, कुल 117 आवेदन प्राप्त हुए।

तहसीलदार मनीषा मिश्रा द्वारा ग्राम गिरधरपुर निवासी दशरथ पुत्र गंगा आदिवासी को आवास निर्माण तहत 90 दिवस की मजदूरी भुगतान किए जाने के संबंध में जनपद श्योपुर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया, आवेदक ने बताया कि आवास योजना के तहत 90 दिवस की मजदूरी का भुगतान कराया जाए। ग्राम दांतरदा खुर्द निवासी अकरम की 3 माह की पुत्री के उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड की सुविधा तत्काल ही शुरू कराई गई, आवेदक ने बताया कि उसकी पुत्री की समग्र आईडी उनके परिवार से अलग होने के कारण आयुष्मान कार्ड बंद हो गया है, पुत्री अशरा दिल मे छेद की बीमारी से ग्रसित है, इसलिए उपचार की आवश्यकता हेतु आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता पड़ रही है, इस पर तत्काल मौके पर ही आईडी मर्ज कर आयुष्मान कार्ड चालू कराया गया।

### संबल योजना का मिलेगा लाभ

ग्राम बगवाज गुड्डी द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना तहत अनुग्रह राशि की मांग को लेकर प्रस्तुत आवेदन के संबंध में उक्त प्रकरण को अपील की प्रक्रिया में लिए जाने की कार्रवाई की गई, आवेदिका गुड्डी ने बताया था कि उसके पति स्व दिलावर की वर्ष 2019 में मृत्यु हुई थी, इसी प्रकार सम्बल योजना के एक अन्य प्रकरण में आवेदन ऑनलाइन कराने की कार्यवाही की गई।

# कॉलेज पढ़ने जा रही छात्रा से आटो चालक ने की छेड़छाड़

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26अगस्त।** ऑटो से पीजी कॉलेज में पढ़ने जा रही छात्रा के साथ उसी ऑटो चालक ने छेड़छाड़ कर दी, छात्रा ने चलते ऑटो से कूदकर किसी तरह अपने आप को बचाया। पुलिस ने पीडित छात्रा की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चैनपुरा बगवाज में रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा रोजाना ऑटो से पीजी कॉलेज में पढ़ने जाती है। सोमवार की सुबह 10:30 बजे वह कॉलेज जाने के लिए जैन रेस्टेरेंट के सामने से ऑटो में बैठी। अन्य दिन तो गुलंबर पर उतर जाती है फिर वहां से दूसरा आटो लेकर कॉलेज जाती थी। लेकिन ऑटो वाले ने कहा में पालीरोड की तरफ जाउगां तो तुम्हे छोड़ दूगां। इसलिए छात्रा उसी आटो में बैठी रही। जैसे ऑटो पटेल चौक पर पहुंचा तो ऑटो चालक ने छात्रा से कहा कि मुझे नंबर दे दो में रोज तुम्हे कॉलेज छोड़ दिया करूगां। छात्रा ऑटो चालक का इराधा समझ गई थी इसलिए उसने झूठे ही पुलिस को फोन करने की बात कही। तबी चालक ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। छात्रा ने चलते ऑटो से कूदकर खुद को बचाया। पुलिस ने पीडित छात्रा की शिकायत पर आरोपी ऑटो चालक अतीक हुसैन निवासी बगवाज के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# चोरी की खुलासा करने पर किया एसपी का सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 अगस्त।** शहर के वार्ड क्रं. 09 महाराणा प्रताप नगर में विगत एक महीने पहले हुई लाखों की चौरी का खुलासा करने एवं चोरों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार करने पर मंगलवार को फरियादी पक्ष व वार्डवासियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी वीरेंद्र जैन व पुलिस टीम का फूला माला पहनाकर सम्मान किया।

बता दें कि 30 जुलाई को महाराणा प्रतापनगर वार्ड क्रमांक 09 निवासी संतोष सिंह तोमर पुत्र शंभू सिंह तोमर के घर से कोई अज्ञात चोर उसके सूने घर का ताला तोडकर सोने, चांदी के जेवरात, नगदी चोरी कर ले गया था। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर एक महीने में चोरों को चोरी के माल के साथ गिरफतार कर लिया। पुलिस की सक्रीयता को देखते हुए वार्डवासियों ने पुलिस टीम का सम्मान किया है।

## पुरानी रंजिश पर झगड़ा, तीन लोगों पर मामला दर्ज

श्योपुर। बड़ौदा थाना क्षेत्र के मकडावदा कलां गांव में पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा हो गया। झगड़े में तीन लोगों ने मिलकर फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट क मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मकड़ावदाकलां निवासी 55 वर्षीय पहलवान आदिवासी व बोलिया आदिवासी के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपी बोलिया आदिवासी, विष्णु आदिवासी, सोलिया आदिवासी ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया।

# मुख्यमंत्री यादव 31 को अम्बाह आएंगे

## अटल बिहारी वाजपेयी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का करेंगे अनावरण

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अम्बाह,26अगस्त।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 अगस्त को अम्बाह का दौरा करेंगे। इस अवसर पर वे टेकचंद स्कूल के सामने स्थित पार्क में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रतिमा को 9 फीट ऊंचे प्लेटफॉर्म पर स्थापित किया गया है, जिससे यह और भी भव्य दिखाई देगी।

प्रतिमा अनावरण समारोह को लेकर नगर में व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अंजली -जिनेश जैन, एसडीएम रामनिवास सिंह सिकरवार, तहसीलदार भारतेंदु सिद्धार्थ गौतम, भाजपा नेता बच्चूलाल गुप्ता, खेमसिंह भदौरिया और रामस्वरूप करोरिया ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं और सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन तथा मार्गदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। वही मुख्यमंत्री के आगमन की खबर से नगर में उत्साह का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि अंबाह में वाजपेयी जी की विशाल प्रतिमा लगना पूरे शहर के लिए गौरव की बात है। पार्क परिसर के आसपास पंडाल और सजावट की तैयारियाँ जोरों पर जारी हैं, जबकि आसपास की सड़कों और मार्गों की सफाई भी सुनिश्चित की गई है।

इस आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए पूरी तैयारी में हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन के समय वे प्रतिमा स्थल पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे और स्वर्गीय अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

जिनेश जैन ने बताया कि प्रतिमा अनावरण समारोह केवल एक भव्य आयोजन नहीं है, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों और उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर भी है। नागरिकों और प्रशासन की संयुक्त तैयारियों से यह कार्यक्रम सफल और यादगार होने की संभावना है।

# स्मार्ट चौटबॉट (आयुष्मान सखी) का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना,26अगस्त।** आयुष्मान योजना के अंतर्गत नवाचार के तहत स्मार्ट व्हाटसऐप चौटबॉट (आयुष्मान सखी) का शुभारंभ ऑनलाईन वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण जबलपुर के घंटाघर से केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने गत दिवस किया। जिसको ऑनलाइन मुरैना में भी दिखाया गया।

इस अवसर पर मुरैना में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी उपस्थित थीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय, जिला आयुष्मान नोडल ऑफिसर डॉ एस.के कारखुर ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने कहा कि सभी एएनएम एवं आशा आयुष्मान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे आम नागरिक उक्त योजना का अधिक अधिक लाभ उठा सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने चौटबॉट (आयुष्मान सखी) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड बनवाकर 5 लाख का मुफ्त इलाज करा सकते है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत सभी आय वर्ग के बुजुर्ग लोग लाभ लें सकते है। इस अवसर पर आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्रहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किये गये। जिसमें दर्शनलाल, विजेंद्र गिरि, श्रीमती रेवती गिरि, हरी बाबू शर्मा, श्रीमती शीला देवी राठौर, श्रीमती रामदुलारी आदि को वितरित किये। इस अवसर पर डॉ. वीर सिंह खरे, एपीएम अशोक भगोरिया, डीसीएम सुनील प्रजापति, डॉ. प्रमोद मिश्रा, डॉ. संकल्प श्रीवास्व सीपीएचसी, शहरी सुपरवाईजर, एएनएम, आशा सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 1000 बैग यूरिया खाद के, 1000 एएसपी, 600 बैग एनपी खाद के वितरित

मुरैना/जौरा। मार्केटिंग सोसायटी के तत्वाधान में क्षेत्रीय किसानों को खाद का वितरण लगातार जारी है। 26 अगस्त को पुरानी तहसील प्रांगण के खाद वितरण केंद्र से किसानों को 1000 यूरिया खाद, 600 एनपी एवं 1000 एसपी खाद के बैग किसानों को वितरित किए गए। पिछले तीन-चार दिनों से जितना डीएपी खाद वितरण केंद्र को उपलब्ध हुआ था वह किसानों को वितरित होने से मंगलवार को डीएपी खाद वितरित नहीं हो सका।

## भेड़ निकालने की बात पर की मारपीट

**श्योपुर।** विजयपुर थाना क्षेत्र के तथईयापुरा में घर के आगे से भेड़ निकालने की बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस झगड़े में दो आरोपी ने फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

तथईयापुरा निवासी 25 वर्षीय राजीवर कुशवाह व चंदेली निवासी गंगाराम बघेल के बीच 25 अगस्त की सुबह 10:45 बजे चंदेली के पुल की घटिया झगड़ा हो गया। दोनों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपी के गंगाराम बघेल ने मिलकर गाली-गलौज करते फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी राजवीर पुत्र प्रमोद कुशवाह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**महिलाओं के बीच झगड़ा:** आवदा थाना क्षेत्र के भोजका गांव में दो महिलाओं के बीच झगड़ा हो गया। जिसमें एक महिला ने दूसरी महिला की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गई।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26अगस्त।** जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के अंधूपुरा गांव में सोमवार को तालाब में डूबने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अपरवन रावत के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोग तुरंत उसे बचाने के लिए तालाब में कूदे, लेकिन जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही विजयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बारिश के मौसम में अकसर तालाब और नदियों का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे ऐसे हादसे होने का खतरा रहता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और बच्चों व युवाओं को बिना सुरक्षा उपायों के गहरे पानी में जाने से रोकें।

## चोरी का माल खरीदने वाले ज्वैलर्स पर 10 हजार का ईनाम घोषित

श्योपुर। महाराणा प्रताप नगर में हुई चोरी लाखों की चोरी का तो पुलिस ने फर्दाफाश कर दिया, साथ ही घटना को अंजाम देने वाले चोर और उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन शहर के जिस ज्वैलर्स ने चोरी का माला खरीदा था वह अभी पुलिस गिरफ्त से दूर बना हुआ है, इसलिए एसपी वीरेंद्र जैन ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का ईनाम घोषित किया है। एसपी वीरेंद्र जैन ने बताया कि वार्ड क्रमांक 09 निवासी संतोष सिंह तोमर पुत्र शंभू सिंह तोमर के सूने घर में सूंसवाड़ा निवासी दीपू उर्फ दीपेंद्र जाट पुत्र रामस्वरूप जाट हाल महाराणा प्रताप नगर श्योपुर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने अपने साथी अजय जाट पुत्र शिवराम जाट के साथ मिलकर चूडी मार्केट श्योपुर में सर्राफा की दुकान लगाने वाले लक्ष्मण सोनी पुत्र चतुर्भुज सोनी की दुकान पर बेचा था। पुलिस ने दोनों आरोपितों के गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन चोरी का माल खरीदने वाले सर्राफा व्यवसायी को सह आरोपी बनाया है, जो अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर बना हुआ है।